Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:17 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:36 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 132 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 14 नवंबर 2024

वीर जारा के 20 साल पूरे...पेज-3 पर

## गैरसैंण दौरे पर धामी, मार्निंग वॉक पर लिया विकास कार्यों का फीडबैक

देहरादून

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गैरसैंण दौरे पर हैं। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलने के दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दो दिवसीय गैरसैंण दौरे पर हैं। गुरुवार को वह मॉर्निंग वॉक पर निकले। और इस दौरान लोगों से मिलकर उन्होंने विकास कार्यों का फीडबैक लिया। सीएम ने विधानसभा, भराड़ीसैंण में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को कार्यों में तेज़ी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य पर विशेष ध्यान देने हेतु



निर्देश दिए। सीएम धामी ने कहा कि विधानसभ, भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में हमारी सरकार सड़क और हवाई कनेक्टिविटी के माध्यम से इस संपूर्ण क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान स्थानीय लोगों से भेंट कर प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का फीडबैक एवं सुझाव भी लिए। बुधवार को शासन के उच्चाधिकारियों की टीम के साथ मुख्यमंत्री ने भराड़ीसैंण विस में पलायन और भू-कानून पर मंथन किया। चर्चा में सीएम ने कहा, राज्य सरकार भू-कानून को लेकर अत्यंत गंभीर है। प्रदेश में लागू होने वाले भू-कानून को जन भावनाओं के अनुरूप बनाए जाने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

एसडीएम और तहसीलदार स्तर पर भी भू-कानून को लेकर जनता से सुझाव लिए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सशक्त भू-कानून का ड्राफ्ट स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं और विकास के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। सीएम ने राज्यस्तरीय ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यशाला में भाग लिया। पहली बार सरकार सशक्त भू-कानून के ड्राफ्ट पर भराड़ीसैंण विधानसभा में मंथन करने पहुंची। सीएम की घोषणा के अनुसार भराड़ीसैंण में ही बजट सत्र के दौरान सरकार यहां विधानसभा में सशक्त भू-कानून का विधेयक पेश करेगी।

पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए विधानसभा परिसर में हुई पलायन निवारण आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ से पलायन रोकने के लिए अल्प, लघु और दीर्घकालिक योजनाएं बनेंगी। राज्य सरकार पलायन की समस्या को लेकर गंभीर है और इसे रोकने के लिए कई योजनाओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने पलायन से खाली हो रहे गांवों को गोद लेने के संकेत भी दिए। बैठक में बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पहाड़ों पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन करने पर जोर दिया गया। सीएम ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत ढांचे के विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। पलायन निवारण आयोग की ओर से दिए जा रहे सुझावों को अमल में लाने के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से ठोस कार्ययोजना बनाई जा रही है।

News कॉर्नर

### एसडीएम थप्पड़ कांड में समरावता में नरेश मीणा गिरफ्तार

**जयपुर।** मतदान के दौरान समरावता में एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले कांग्रेस के बागी और निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मीणा समर्थकों के हंगामे के बीच कल बुधवार को फरार हो गया था। उसके समर्थकों ने जमकर हिंसा और आगजनी की थी। राजस्थान के टोंक जिले की देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर बीते दिन हुए मतदान के दौरान कांग्रेस के बागी नेता और निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एसडीएम को थप्पड़ मार दिया। जिससे बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी। आज गुरुवार को पुलिस ने आरोपी नरेश मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले सुबह करीब 10 बजे नरेश मीणा समरावता पहुंचा था और सोशल मीडिया पर लाइव कर मीडिया से बात की भी थी। इस दौरान उसने कहा कि मैं गिरफ्तारी देने के लिए यहां पहुंचा हूं, लेकिन पुलिस यहां नहीं है। मैं पुलिस से भागा नहीं था, यह मेरा कैरेक्टर नहीं है। पुलिसवाले ही यहां से भागे थे। नरेश मीणा ने आरोप लगाया कि उनके धरने में शामिल लोगों के लिए बाहर से खाना आया था। पुलिस ने टोल पर खाने के पैकेट रोक लिए। लेकिन पुलिस ने उनको पकड़ लिया।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों को घसीटकर ले गई पुलिस

## यूपीपीएससी अभ्यर्थियों पर कार्रवाई पुलिस व छात्रों के बीच हाथापाई

प्रयागराज

एजेंसी

प्रयागराज में प्रदर्शन कर रहे यूपीपीएससी अभ्यर्थियों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। प्रदर्शन कर रहे छात्र का आरोप है कि पुलिस उनके साथियों को घसीटकर ले गई है। इस दौरान कई छात्राएं चोटिल भी हो गईं। तमाम पुलिस कर्मी बिना वर्दी के थे।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सामने प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस और छात्रों के बीच जबरदस्त नोकझोंक और हाथापाई हो रही है। स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई है। मौके पर भारी फोर्स मौके पर पहुंच गई है।

इससे पहले, आज सुबह 8:00 बजे धरनास्थल पर अचानक पुलिस फोर्स पहुंची और कुछ छात्रों को घसीट कर ले गई। इनमें छात्र नेता आशुतोष पांडे भी शामिल हैं जो उस वक्त धरने का नेतृत्व कर रहे थे। इस खींचतान में धरने पर बैठी कई छात्राएं चोटिल भी हो गईं। तमाम पुलिस कर्मी बिना वर्दी के थे। छात्राओं का कहना है कि उनके साथ कोई महिला पुलिसकर्मी नहीं थी। छात्राओं के साथ अभद्रता भी हुई



है। अब छात्राओं ने ही मोर्चा संभाल लिया है और धरने का खुद नेतृत्व कर रही हैं।

मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। धरना स्थल के चारों तरफ बैरिकेडिंग और ज्यादा कर दी गई है। छात्र पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। उधर, अखिलेश यादव आज प्रयागराज में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों से मुलाकात कर सकते हैं। प्रयागराज के डीसीपी अभिषेक भारती का कहना है कि छात्र राज्य पीएससी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे संवैधानिक तरीके से अपना विरोध जारी रखें और उनकी मांगों को अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बुधवार को असामाजिक तत्वों द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। वे छात्र नहीं बल्कि असामाजिक तत्व हैं, जिनका आपराधिक इतिहास है। ऐसे असामाजिक तत्व विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बन रहे हैं और छात्रों को भड़का रहे हैं। उनकी पहचान की जा रही है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

## बीएलएम एकेडमी में बाल दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानाचार्या डा.गायत्री कंवर, उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर और हेड एडमिन एंड एच आर डा.अमर सिंह कंवर ने चाचा नेहरु को याद करते हुए दीप प्रज्वलित किया।

शिक्षक शिक्षिकाओं ने संगीत विभाग के निर्देशन में कव्वाली प्रस्तुत की। नृत्य विभाग की ओर से मोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया. योग एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित अंतर सदन फुटबॉल मैच में ओरियन सदन और सीफियस सदन ने जीत हासिल की.प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कंवर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करने की सलाह दी। मौके पर प्रधानाचार्या डा.गायत्री कंवर, उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर, हर्ष गोयल, निश्चल जोशी ,यास्मिन अली समेत विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य मौजूद थे। मौके पर बच्चों को मिष्ठान्न वितरण किया गया।




## कॉप29 की बैठक में उठा दिल्ली प्रदूषण का मामला

नई दिल्ली

एजेंसी

कॉप29 जलवायु शिखर सम्मेलन में विशेषज्ञों ने भारत से अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों (SLCPs) जैसे मीथेन और ब्लैक कार्बन को कम करने की अपील की। अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों को वायु गुणवत्ता में गिरावट और ग्लोबल वार्मिंग दोनों के लिए प्रमुख रूप से जिम्मेदार माना जाता है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण बेहद गंभीर हो गया है और बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 418 तक पहुंच गया, जो बेहद गंभीर श्रेणी का माना जाता है। अजरबैजान की राजधानी बाकू में पर्यावरण को लेकर कॉप29 का सम्मेलन हो रहा है। दिल्ली के प्रदूषण का मामला बाकू में कॉप29 की बैठक में भी उठा और पर्यावरण विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की। कॉप29 जलवायु शिखर सम्मेलन में विशेषज्ञों ने भारत से अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों (SLCPs) जैसे मीथेन और ब्लैक कार्बन को कम करने की अपील की। अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों को वायु गुणवत्ता में गिरावट और ग्लोबल वार्मिंग दोनों के लिए प्रमुख रूप से जिम्मेदार माना जाता है। गौरतलब है कि अल्पकालिक जलवायु प्रदूषक (SLCPs) ग्रीनहाउस गैसों और वायु प्रदूषकों का एक समूह है, जिन्हें जलवायु परिवर्तन के लिए प्रमुख तौर पर जिम्मेदार माना जाता है। ये प्रदूषक वायु गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं।

## छह गाड़ियां आपस में टकराकर पलटीं, एक की मौत, कई घायल

देहरादून

हमारे संवाददाता

दिल्ली-देहरादून हाईवे पर छह गाड़ियां आपस में टकरा गईं और पलट गईं। दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं।

आसारोड़ी में बड़ा हादसा हुआ है। यहां छह गाड़ियां आपस में टकरा गईं और पलट गईं। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार शारोड़ी चेक पोस्ट पर बुधवार की रात भयंकर हादसा हो गया। एक-दूसरे से टकराकर एक के बाद छह गाड़ियां पलट गईं। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में दो सेल्स टैक्स अधिकारी हैं।

दिल्ली-देहरादून हाईवे पर शहर के बाहर आशारोड़ी के पास चेक पोस्ट है। यहां जांच के लिए माल वाहक वाहन




समेत अन्य गाड़ियां रोकी जाती हैं। बुधवार रात को भी जांच के लिए अधिकारियों ने एक यूटिलिटी को रोका हुआ था। इसके पीछे एक कार ने ब्रेक लगाए और उसके पीछे आ रहे कंटेनर के ब्रेक नहीं लगे और दाईं तरफ जाकर उसने यूटिलिटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर की थी कि यूटिलिटी और कंटेनर पलट गए। पीछे से आ रहे दो डंपर भी कंटेनर से टकराकर पलट गए। घटनास्थल पर एक कार भी पलटी है और बाइक भी टकरा गई। एसएचओ पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि हादसे में यूटिलिटी में सवार दो लोगों में से एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुखदेव निवासी दमकड़ी सहारनपुर के रूप में हुई। सुखदेव का बेटा सुधांशु गंभीर रूप से घायल है। इस दौरान सेल्स टैक्स के कर्मचारी सुमन दास और नवीन महर भी घायल हुए हैं। पुलिस ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# वार्षिक फेस्ट सबरंग के आयोजन पर रंगारंग कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

क्षेत्र के विद्यालयों में फेस्ट प्रथम अन्वेषक रहे ऑल सेंट्स कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को वार्षिक फेस्ट सबरंग का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नैनीताल व आसपास के 6 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया और युवा प्रतिभा का परिचय दिया।




इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ ऑल सेंट्स की प्रधानाचार्या किरन जरमाया व निर्णायक मण्डल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत मेजबान विद्यालय की छात्राओं ने ईश्वर वंदना में नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सबरंग 2024 में मेजबान विद्यालय ऑल सेंट्स कॉलेज के साथ नैनीताल के सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल, सेंट जोसफ कॉलेज, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर व लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल व भवाली के वूडब्रिज स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई जिसमे सभी विद्यालयों ने प्राथमिकता से हिस्सा लिया।

अंग्रेजी काव्य पाठ प्रतियोगिता मे प्रतिभागियों ने अंग्रेजी के प्रेरक गीतों के बोल पर आधारित काव्य पाठ कर मंच पर साहित्य और कला का समागम प्रस्तुत कर का जादू बिखेर दिया। इस प्रतियोगिता मे सेंट जोसफ कॉलेज के स्वर्णिम पाठक को प्रथम पुरस्कार दिया गया। क्विंट हर्डल्स प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एक्टमपोर, गीत अभिनय और नृत्य प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय की लावण्या अग्रवाल और दिव्यांशी बिष्ट अव्वल रहे।

ई-टेक के तहत प्रतिभागियों ने न्यू आइडिया फ़ॉर फ्यूचर पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन बनाया। इस प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार से ऑल सेंट्स कॉलेज की जिजीविषा शर्मा और आर्या गोयल को नवाजा गया। विद्यार्थियों ने कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए विद्यार्थियों ने रंगोली में लिप्पन आर्ट बनाकर कई मनमोहक चित्र उकेरे। यहां वुड ब्रिज स्कूल की भूमि वर्मा और कनिष्का गिरी ने प्रथम पुरस्कार झटका। नृत्य प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने पौराणिक कथाओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए व मंच को भक्ति के रंगो से सराबोर कर दिया। नृत्य मे भी प्रथम पुरस्कार वुड ब्रिज विद्यालय के नाम रहा। बेस्ट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता मे बच्चों ने वेस्ट समझे जाने वाली चीजों से कई कलात्मक वस्तुएं बनाई। इस प्रतियोगिता मे मेजबान विद्यालय की स्निग्धा पांडेय और तारु गोयल अव्वल रहे।

विद्यार्थियों ने अपनी कलीनरी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए सिप एंड स्नेक प्रतियोगिता में कई स्वादिष्ट व्यंजन भी तैयार किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल मंजीत सिंह और राहुल पवार के नाम रहा। विद्यार्थियों के बीच शतरंज के मुकाबले भी खेले गए जिसमें सेंट जोसफ कॉलेज के तक्षम साह ने बाजी मारी।

विद्यालयों ने बैंड प्रस्तुति भी दी। इसके तहत सभी प्रतिभागियों ने अंग्रेजी गीत गाये। सेंट जोसफ कॉलेज के बैंड का प्रदर्शन सर्वोत्तम आंका गया। फेस्ट में ऑल सेंट्स कॉलेज ने सर्वाधिक अंक बटोरे किंतु अच्छी मेजबानी की मिसाल कायम करते हुए सबरंग 2024 की ट्रॉफी फर्स्ट रनर अप टीम तथा सेंट जोसफ कॉलेज को प्रदान की गई। निर्णायक ईश्वर दत्त तिवारी, डॉ रीतेश साह, रीता सनवाल,राखी साह, ऋतु शाह, सुनीता शाह, नीलू कुमार, करिश्मा सनवाल, अनुज साह व श्री कौशल भट्ट रहे। अंत मे मेजबान विद्यालय की प्राधानाचार्या श्रीमती जरमाया कार्यक्रम के सफलता के लिए ईश्वर समेत सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा वायलिन में विद्यालय के एंथम के बाद राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।



# इनकम टैक्स को लेकर जनजागरुकता कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मल्लीताल स्थित सीआरएसटी इंटर कॉलेज के सभागार में आयकर विभाग द्वारा बुधवार को जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयकर अधिकारी अवधेश कुमार ने बच्चों को इनकम टैक्स को लेकर जागरूक किया।

इस दौरान आयकर अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि सीआरएसटी इंटर कॉलेज में बच्चों को इनकम टैक्स को लेकर जागरूक किया गया। बताया कि किस तरीके से विभाग में कलेक्शन किया जाता है, डिपार्टमेंट कैसे काम करता है। अब सभी कार्य ऑनलाइन कर दिए गए हैं तो किस तरीके से ऑनलाइन माध्यम से विभाग काम करता है इसको लेकर बच्चों को बेसिक जानकारी दी गई। बताया कि हर महीने इस तरीके के अवेयरनेस कार्यक्रम किए जाएंगे लोगों के बीच में जाकर उनकी समस्याया व इनकम टैक्स को लेकर उन्हें जागरूक किया जाएगा। इस दौरान आयकर अधिकारी बाजपुर त्रिभुवन जोशी समेत कर निरीक्षक अभिषेक कुमार, आयकर सहायक नैनीताल शादमान अलीमी तथा आलोक साह, प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे समेत मनीषा, डॉ. शोबन सिंह बिष्ट, गणेश दत्त लोहनी, ललित जीना, गौरव भाकुनी, राकेश लाल, अनुपम तथा हिमांशु जोशी तथा राजेश लाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसएसपी प्रहलाद मीणा ने निरीक्षक/उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को इधर-उधर किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने देर रात एक दर्जन से अधिक निरीक्षक/उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को इधर-उधर किया है। जिसमें नैनीताल, भवाली, लालकुआं के साथ ही भीमताल, काठगोदाम के थाना प्रभारियों को शीघ्र चार्ज लेने के निर्देश दिए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने डीआरवर्मा कोतवाली प्रभारी लालकुआं से कोतवाली प्रभारी भवाली, कोतवाल दिनेश फर्त्याल, पुलिस लाईन से प्रभारी निरीक्षक थाना लालकुआं, निरीक्षक हरपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मल्लीताल से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ/डीसीआरबी, निरीक्षक उमेश कुमार मलिक प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ/डीसीआरबी से प्रभारी निरीक्षक थाना मल्लीताल, उप निरीक्षक जगदीप सिंह नेगी थानाध्यक्ष भीमताल से प्रभारी चौकी टीपी नगर, उप निरीक्षक विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम से थानाध्यक्ष भीमताल, उप निरीक्षक दीपक बिष्ट प्रभारी चौकी टीपी नगर से थानाध्यक्ष काठगोदाम, उप निरीक्षक रोहताश सिंह थानाध्यक्ष खन्स्यू से वरिष्ठ उप निरीक्षकथाना हल्द्वानी, उप निरीक्षक विजयपाल सिंह थाना हल्द्वानी से थानाध्यक्ष खन्स्यू, उप निरीक्षक दीपक सिंह बिष्ट वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना लालकुआं से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना हल्द्वानी, उप निरीक्षक प्रकाश सिंह मेहरा वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना मल्लीताल से प्रभारी चौकी खैरना, उप निरीक्षक प्रताप सिंह प्रभारी चौकी हंसपुर खत्ता से थाना काठगोदाम, उप निरीक्षक सुशील चंद्र जोशी पुलिस लाईन से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना मल्लीताल, उप निरीक्षक जगवीर सिंह पुलिस लाईन से प्रभारी चौकी ओखलकांडा बनाए गए हैं।

## NEWS / फटाफट

### मोहन चुने गये राजकीय वाहन चालक संघ वन के निर्विरोध अध्यक्ष

**नैनीताल ।** प्रमुख वन संरक्षक (एचओएफएफ) उत्तराखण्ड देहरादून के संरक्षण में राजकीय वाहन चालक संघ वन विभाग उत्तराखण्ड का अधिवेशन सम्पन्न हुआ। जिसमें मोहन सिंह नयाल चालक भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुने गये। इस बीच नयाल के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर विभागीय चालकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना है ।

### सेवानिवृति होने पर विदाई समारोह आयोजित

**नैनीताल।** नगर पालिका कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष मोहन सिंह सिलवाल एवं संघ के समस्त पदाधिकारी एवं देवभूमि उत्तराखंड मजदूर संघ के अध्यक्ष धर्मेश प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को पालिका सभागार में चतुर्थ श्रेणी कर्मी गोपाल सिंह बिष्ट एवं राजेश कुमार की सेवानिवृति होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी समेत पालिका अवर अभियंता एवं कार्यालय अधीक्षक पूरन सिंह बोरा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील खोलिया, महासंघ के उपाध्यक्ष हिमांशु चंद्रा, ललित मोहन पांडे, ईश्वरी दत्त बहुगुणा, हंसा दत्त बहुगुणा, पीयूष भंडारी, अंकित बिष्ट, मोहम्मद बिलाल, शिवराज सिंह नेगी, लेखाकार शादाब, संजय कनवाल तथा शोभा चौहान, लीला पाठक एवं गोपाल बिष्ट आदि मौजूद थे।

### 132वें दिन भी जारी रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत अनूठा पौधारोपण आंदोलन बुधवार को 132वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि बुधवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम पिथौरागढ़ के कर्मचारियों के द्वारा पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया । कार्यक्रम में वेद प्रकाश, पदम सिंह तथा दीपक, नरेंद्र थापा व राजेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# सरौलीकलां ग्राम के नाम को लेकर पक्षकारों से चार सप्ताह में जवाब मांगा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने किच्छा (ऊधमसिंह नगर) के सरोलीकलां ग्राम का नाम राज्य सरकार के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र से हटाकर उसे फिर से ग्रामीण क्षेत्र घोषित करने के आदेश को चुनौती देती जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने सरकार के इस आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार सहित अन्य पक्षकारों से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई हेतु 8 जनवरी 2024 (बुधवार) की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार किच्छा ऊधम सिंह नगर के सिरोलीकलां ग्राम निवासी मोहम्मद याशीन ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि किच्छा नगर पालिका के विस्तारीकरण में वर्ष 2018 में सिरौली कलां, बंडिया तथा देवरिया व आजादनगर को शामिल किया गया था। वर्ष 2018 में ही नगर पालिका के चुनाव हुए, जिसमें सिरौलीकलां क्षेत्र में तीन वार्ड 18 तथा 19 व 20 व कुछ क्षेत्र वार्ड नंबर 17 में शामिल किया गया। सिरौलीकलां नगर पालिका किच्छा में विगत 6 वर्षो से शामिल है तथा नगर पालिका द्वारा इस क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ के विकास कार्य किये जा चुके हैं जबकि वर्तमान में सिरौलीकलां को किच्छा नगर पालिका से ग्रामीण क्षेत्र में पृथक किया जा रहा है जिसका सिरौलीकलां क्षेत्रवासी विरोध करते हैं। वह चाहते हैं कि सिरौलीकला ग्राम को नगर पालिका में ही रखा जाए, नगर पालिका में शामिल होने पर उनको कई सुविधाएं मिली हैं।

# दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शुरु

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से नैनीताल पुलिस के अधिकारी व कर्मियों के रोगों के उचित उपचार और बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने के विशेष मकसद से बुधवार से दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शुरु कर दिया गया है।

बता दें बुधवार को पुलिस लाइन नैनीताल में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बी0डी0 पांडे जिला चिकित्सालय नैनीताल के चिकित्सक दल के माध्यम से पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य समस्याओं जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड शुगर आदि की जांच कराई गई साथ ही विभिन्न रोगों से पीडित पुलिस कर्मियों को बेहतर उपचार और प्रभावी औषधियां प्रदान की गई। चिकित्सकों द्वारा शिविर में उपस्थित पुलिस कर्मियों और परिजनों को



वर्तमान में उत्पन्न हो रही विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा बीमारियों से बचने के सुरक्षा उपायों के बारे में भी बताया।

पुलिस लाइन नैनीताल में आज आयोजित किए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पहले दिन लगभग 84 पुलिस अधिकारी व कर्मियों और उनके परिजनों' ने उपचार कराया और लाभान्वित हुए। चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में डॉ अभिषेक गुप्ता फि जीशियन, डॉ गरिमा कांडपाल मनोचिकित्सक, डॉ सोनल डेंटल सर्जन, सी0एस0 खनायत फ र्मेसी अधिकारी, आर के रस्तोगी नेत्र टेक्नीशियन, निर्मला जोशी नर्सिंग अधिकारी तथा नीमा बिष्ट नर्सिंग अधिकारी के महत्वपूर्ण योगदान द्वारा पुलिस कर्मियों को उचित उपचार और परीक्षण की सुविधा प्राप्त हुई।

दूसरी ओर अब गुरुवार (आज) को पुलिस मीटिंग हॉल हल्द्वानी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# अभिमत

## जनप्रतिनिधि की जवाबदेही

*प्रधानमंत्री मोदी सांसदों व विधायकों से बार-बार कहते हैं कि संसद व विधानसभा का सत्र नहीं होने पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर जनसमस्या सुनें और सरकारी योजनाओं का निरीक्षण करके कमियों को दूर करायें। पेयजल योजना में जगह-जगह घोटाला होने से जाहिर है कि जल जीवन मिशन पूरा नहीं होगा। अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि से भी जवाब तलब होना चाहिए। यदि जनप्रतिनिधि निर्माण कार्य का निरीक्षण करते तो पाइप लाइन गायब नहीं होती। सरकार पेयजल कनेक्शन पर मीटर लगाकर जल मूल्य वसूल करने की बात कह रही है, लेकिन पानी नियमित और सस्ती दर पर मिलेगा, इसका भरोसा नहीं है।*

जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजना पूरे उत्तराखंड में लागू की गई है। वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हर घर शौचालय बनाने के लिए गांव-गांव और शहर की बस्तियों में धन उपलब्ध कराया। स्वच्छ भारत अभियान सफल रहा। अब रेल की पटरी और सड़क के किनारे लोग शौच करते नहीं दिखते हैं। हर घर नल योजना प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। बर्फ से अच्छादित हिमालय की पर्वत चोटियों, जल प्रपात, गंगा, यमुना, सरयू आदि सदानीरा नदियों के उद्गम देवभूमि उत्तराखंड में अनेक क्षेत्रों में लोग शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा के बाद अब थराली में जल जीवन मिशन में घोटाला उजागर हुआ है। 1.37 किलोमीटर पानी की पाइप लाइन गायब है। अपर सहायक अभियंता को निलंबित कर दिया गया। अधीक्षण अभियंता ने बाहरी एजेंसी से जांच की सिफारिश की है। पानी में घोटाला इस बात का ठोस साक्ष्य है कि सरकार की हर योजना पर पानी फेरने पर नौकरशाही तुली हुई है। पूरी व्यवस्था बदलने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी कई बार सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि पहले सरकार द्वारा जनहित के लिए अवमुक्त किये गये एक रुपये में से धरातल पर 15 पैसे ही पहुंचते थे, शेष धन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा कि कि जीरो टॉलरेंस के तहत भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त कर योजना का पूरा धन जनहित में लगाया जायेगा। शौचालय निर्माण में भी बिचौलियों, दलालों और सरकारी कर्मचारियों ने बंदरबांट की। गरीबों के सिर पर छत उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर बनाने के लिए धन दिया जा रहा है। सभी योजनाएं प्रधानमंत्री सीधे संचालित नहीं कर सकते। हर घर में शौचालय, हर घर में नल और हर गरीब को घर बनाने का काम प्रधानमंत्री खुद नहीं कर सकते तथा पूरे देश में जाकर नहीं देख सकते। सभी काम लाखों अधिकारी व कर्मचारियों के माध्यम से किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी सांसदों व विधायकों से बार-बार कहते हैं कि संसद व विधानसभा का सत्र नहीं होने पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर जनसमस्या सुनें और सरकारी योजनाओं का निरीक्षण करके कमियों को दूर करायें। पेयजल योजना में जगह-जगह घोटाला होने से जाहिर है कि जल जीवन मिशन पूरा नहीं होगा। अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि से भी जवाब तलब होना चाहिए। यदि जनप्रतिनिधि निर्माण कार्य का निरीक्षण करते तो पाइप लाइन गायब नहीं होती। सरकार पेयजल कनेक्शन पर मीटर लगाकर जल मूल्य वसूल करने की बात कह रही है, लेकिन पानी नियमित और सस्ती दर पर मिलेगा, इसका भरोसा नहीं है।

# सीएम धामी बोले- जल्द लागू होगा सशक्त भू-कानून

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

भराड़ीसैंण में भू-कानून को लेकर बैठक आयोजित की गई है। सीएम धामी भी बैठक में शामिल होने पहुंचे। सीएम धामी ने बुधवार को विधानसभा भवन भराड़ीसैंण में आयोजित बैठक में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड में सख्त भू-कानून के सम्बन्ध में भू कानून के लिए बनाई गई समिति एवं अन्य पूर्व उच्चाधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों के साथ भू कानून के ड्राफ्ट पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भू कानून को लेकर अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लागू होने वाले भू-कानून को जन भावनाओं के अनुरूप बनाए जाने की दिशा में काम कर रही है। कहा कि इस चर्चा के दौरान बहुत से अच्छे सुझाव आए हैं, जिन्हें भू कानून में शामिल किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि एसडीएम और तहसीलदार स्तर पर भी भू कानून को लेकर जनता से सुझाव लिए जाएंगे, जिनमें से अच्छे सुझावों को इसमें शामिल किया जाएगा। एक सशक्त भू कानून का ड्राफ्ट स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं और विकास के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है।



उत्तराखंड राज्य में सशक्त भू कानून लागू करने के संबंध में आज बुधवार को आयोजित अहम बैठक में सीएम धामी भी शामिल होने पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव राधा रतूड़ी कर रही हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एलान कर चुके हैं कि आगामी बजट सत्र में सरकार सशक्त भू कानून का विधेयक लेकर आएगी। इसी उद्देश्य से सरकार ने भू कानून के संबंध में पूर्व नौकरशाहों का मार्गदर्शन भी प्राप्त कर रही है। सीएम पुष्कर धामी ने भराड़ीसैण में स्थानीय उत्पादों का जायजा भी लिया। मिलेटबीटा, कीवी, अचार सहित अन्य उत्पादों का स्वाद भी चखा। मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव राधा रतूड़ी भी मौजूद रहीं।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्राम्य विकास एवं पलायन रोकथाम आयोग द्वारा भराड़ीसैंण (गैरसैंण) चमोली में राज्य स्तरीय ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यशाला का आयोजन एक बहुत ही सराहनीय कदम है।

### खेल महाकुंभ के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक में चल रहे खेल महाकुंभ के तहत बुधवार को 17 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं की विभिन्न खेलों से जुड़ी प्रतियोगिताएं हुईं। बुधवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भावना मेहरा (प्रदेश महासचिव भाजपा) तथा विशिष्ट अतिथि मनोज भट्ट (पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा) के साथ ही शिवांशु जोशी (अधिवक्ता) थे। सभी का खंड शिक्षा अधिकारी कैना चौहान ग्रोवर ने स्वागत कियाए। ब्लॉक खेल समन्वय अजय कुमार ने बताया कि बालक कबड्डी में संगुरीगांव पहले, ज्योलीकोट दूसरे तता खुर्पाताल तीसरे स्थान पर रहा। बालिका में संगुरीगांव पहले, खुर्पाताल दूसरे तथा थपलियाल मेहरागांव तीसरे स्थान पर रहा। खो खो बालिका में ज्योलिकोट व बालक में खुर्पाताल पहले स्थान पर रहा जबकि 400 मीटर दौड़ में तरुण त्रिपाठी पहले तथा 100 मीटर दौड़ में करण कुमार बीएसएसवी नैनीताल प्रथम तथा 3000 तथा 1500 में राघवेंद्र बिष्ट बीएसएसवी प्रथम व बालिका वॉलीबॉल में संगुरीगांव प्रथम व बालक में रानीबाग प्रथम का जिला प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

# रुद्रपुर में रेलवे अंडरपास के निर्माण का सांसद भट्ट और विधायक शिव ने किया शुभारंभ

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

चार करोड़ की लागत से बनने वाले छतरपुर-ओमेक्स रेलवे अंडरपास के निर्माण के लिए सांसद अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया।

चार करोड़ की लागत से बनने वाले छतरपुर-ओमेक्स रेलवे अंडरपास के निर्माण के लिए सांसद अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया। इससे पहले कांग्रेस के निवर्तमान पार्षद और फिर निवर्तमान मेयर नारियल फोड़कर कार्य शुरू करा चुके थे।

बुधवार को ओमेक्स कॉलोनी के पीछे आयोजित शिलान्यास समारोह में सांसद भट्ट ने कहा कि अंडरपास बनने से क्षेत्र की करीब तीस हजार आबादी के साथ ही 53 कॉलोनियों को लाभ मिलेगा। अंडरपास का निर्माण पहले ही शुरू हो जाना चाहिए था, कुछ व्यवधान के कारण समय पर काम




शुरू नहीं हो पाया। कुछ लोगों की अंडरपास को लेकर असहमति थी। तकनीकी दिक्कतों को दूर करने और लोगों को सहमत करने के बाद अंडरपास के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

विधायक अरोरा ने कहा कि इलाके के लोग करीब बीस साल से छतरपुर-ओमेक्स रेलवे ट्रैक पर अंडरपास की मांग कर रहे थे। रेलवे ट्रैक पर अंडरपास न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अंडरपास बनने से छतरपुर, ओमैक्स कालोनी के साथ ही आसपास की कॉलोनियों के लोगों की दिक्कतें दूर हो जाएंगी। विधायक ने कहा कि छह माह के भीतर अंडरपास बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने इलाके को जोड़ने वाली सड़क का सुधारीकरण का भी आश्वासन दिया। कहा कि इसके लिए ढाई करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। कार्यक्रम में दायित्वधारी उत्तम दत्ता, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा नेता उपेंद्र चौधरी, सुरेश कोली, निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा, हरीश भट्ट, जसविंदर सिंह खरबंदा, तरुण दत्ता, प्रेमलता, रश्मि रस्तोगी और रेलवे के अधिकारी मौजूद थे।

## फिल्मी दुनिया

# वीर जारा के 20 साल पूरे होने पर प्रीति जिंटा ने लिखी ये खास बात




*लोकप्रिय फिल्म वीर-जारा के 20 साल पूरे होने पर अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने एक खास संदेश लिखा है, जिसमें उन्होंने फिल्म से मिली सीख के बारे में बात की है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की टीम के साथ दर्शकों का भी शुक्रिया अदा किया है। दिवंगत दिग्गज निर्देशक यश चोपड़ा की फिल्म वीर जारा को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो चुके हैं। ये फिल्म दोबारा से इस साल रिलीज हुई थी, जिसने एक बार फिर अच्छी संख्या में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचा। शाहरुख खान, प्रीति जिंटा, रानी मुखर्जी, अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी अभिनीत यह फिल्म बेहद शानदार और लोकप्रिय फिल्म है। यह कालातीत प्रेम कहानी दो दशक बाद भी दर्शकों के दिलों में गूंजती रहती है, जो इस साल की शुरुआत में इसकी थिएटर री-रिलीज के दौरान साबित भी हुआ। हाल में ही इस फिल्म के 20 साल पूरे होने पर इसे 7 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 600 स्क्रीन पर फिर से रिलीज़ किया गया। बुधवार को अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म को लेकर एक नोट साझा किया। इसमें उन्होंने बताया कि ये फिल्म उनके लिए क्या मायने रखती है। उन्होंने लिखा, वाह! वीर जारा को 20 साल हो गए हैं! अभी भी ऐसा लगता है, जैसे कल की ही बात हो।*

### फिल्म ने निस्वार्थ प्रेम के बारे में सिखाया- प्रीति जिंटा

*अभिनेत्री ने फिल्म से मिली सीख का जिक्र करते हुए कहा, इस फिल्म ने मुझे बिनी किसी स्वार्थ और सच्चे प्रेम के बारे में सिखाया। मैं इस खूबसूरत प्रेम कहानी का हिस्सा बनने के लिए बहुत आभारी हूं, जिसने दुनिया भर के दिलों को छुआ है। वीर जारा को दिए गए सभी प्यार के लिए धन्यवाद। मेरे अद्भुत सह-कलाकारों, अद्भुत क्रू और निश्चित रूप से, आप सभी प्रशंसकों को बहुत सारा प्यार, जिन्होंने इस फिल्म को इतना खास बनाया।*

# बीडी पांडे अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञों के पद रिक्त, हो रही दिक्कत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञों के दो पद रिक्त होने के चलते वर्तमान में मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में तैनात एक ही बाल रोग विशेषज्ञ पर मरीजों का भार पड़ रहा है जिससे व्यवस्थाओं पर असर पड़ रहा है।



बता दें कि नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में रोजाना 60 से 70 बीमार बच्चे उपचार के लिए पहुंचते हैं, कभी- कभी यह संख्या सौ तक भी पहुंच जाती है। जिनके उपचार के लिए अस्पताल में तीन बाल रोग विशेषज्ञों के पद स्वीकृत हैं, जिसमें एक बाल रोग विशेषज्ञ महिला वार्ड में नवजात शिशुओं का उपचार करते हैं वहीं दो बाल रोग विशेषज्ञों की तैनाती पुरूष वार्ड में बच्चों के उपचार के लिए की जाती है लेकिन इन दिनों अस्पताल में दो बाल रोग विशेषज्ञों के पद रिक्त हैं, जिसमें से एक पद बीते एक साल से व दूसरा पद दो महिने से रिक्त है, जिसके चलते अस्पताल में मौजूद एक मात्र बाल रोग विशेषज्ञ पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है, वहीं मरीजों को भी देर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

ऐसे में तैनात डॉक्टर की छुट्टी में मरीजों को दिक्कतें झेलनी पड़ सकती हैं। मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि रिक्त पदों को भरने के लिए दो बाल रोग विशेषज्ञों की मांग शासन स्तर पर की गई है।

# महिला सेल की पहल से घरेलू विवादों का समाधान, कई परिवारों को जोड़ा

उत्तरांचल दीप
सलीम खान, हल्द्वानी

मैडम, मेरी पत्नी सुबह देर से सोकर उठती है। मुझे सात बजे दफ्तर जाना होता है। खाना नहीं बन पाता, मैं भूखा दफ्तर जाता हूं। मुझे ऐसी पत्नी से छुटकारा चाहिए। रामनगर क्षेत्र के पति की ये पीड़ा महिला सेल के पुलिस कर्मियों ने सुनी तो दंग रह गईं। 1332 प्रकरण में महिला पुलिस ने काउंसिलिंग कराकर पति-पत्नी के बीच के दरार को खत्म किया। 94 ऐसे मामले हैं, जिनमें विवाद नहीं सुलझ सका। मजबूरी में पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा। महिला सेल प्रभारी सुनीता कुंवर ने बताया कि मामलों में जरा-जरा सी बात पर विवाद सामने आ रहे हैं। पति-पत्नी आपस में बैठकर विवाद को सुलझाने का प्रयास नहीं करते हैं। एक-दूसरे के प्रति इतनी नाराजगी होती है कि बात को मन में रखकर उसे बड़ी बना लेते हैं। फिर इनके विवाद कोतवाली, थाने,चौकियों तक पहुंच जाते हैं।

### मामला- 1

रानी (काल्पनिक नाम )की शादी पांच वर्ष पूर्व मुखानी थाना क्षेत्र में हुई थी। उनकी शिकायत थी कि पति दुकान से आकर सास के पास बैठते थे। सास से सारी बातें साझा करते थे। प्रतिदिन इसे लेकर विवाद होता था। मामला महिला सेल तक पहुंचा, महिला पुलिस ने तीन महीने में काउंसिलिंग कर विवाद को खत्म कराया।

### मामला- 2

मुखानी की निशा (काल्पनिक नाम)पति से झगड़ा कर मायके चली गई। छह महीने बाद लालकुआं थाना क्षेत्र के रहने वाले पति ने पत्नी से छुटकारा के लिए गुहार लगाई। काउंसिलिंग में सामने आया कि पति समय पर राशन नहीं लाते थे। रात को शराब पीकर घर आते थे। इससे घरेलू कलह शुरू हुई। पति पत्नी की बात सुनकर राजीनामा कराया।

### मामला- 3

हल्द्वानी के पुत्तन दिल्ली में नौकरी करता हैं। पत्नी की शिकायत थी कि पति का फोन हमेशा बिजी रहता है। साप्ताहिक छुट्टी पर घर नहीं आते हैं। दिल्ली में साथ रखना नहीं चाहते हैं। पति के कुछ कहने पर नाराज होकर मायके पक्ष को बुरा-भला कहते थे। इसी बात को लेकर विवाद होता है।

**निपटारा कराने के बाद लेते हैं फीडबैक**

महिला सेल में प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के बाद पुलिस फीडबैक भी लेती है। दावा है कि ढ़ाई वर्ष में 1332 से अधिक प्रकरण का निस्तारण किया गया। इसमें आठ से 10 प्रकरण में बाद में भी विवाद हुआ, लेकिन अधिकांश में अब पति और पत्नी के बीच कोई शिकायत नहीं रही है।

### ये निभा रहे हैं भूमिका-

महिला सेल के अलावा प्रभारी के कंधों पर पास्को सेल अल्पसंख्यक आयोग सेल सीनियर सिटीजन सेल महिला सुरक्षा सहायता प्रकोष्ठ सेल, एसटीएससी सेल, विदेश भेजने के नाम पर ठगी वाले मुकदमे की जिम्मेदारी महिला सेल प्रभारी सुनीता कुंवर के कंधों पर है। सुनीता कुंवर के अलावा 9 महिला कांस्टेबल, एक एसआई जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सारे सेलों में तैनात पुलिस कर्मियों की संख्या कम है। सेलों में आने वाले प्रार्थना-पत्र पर पति-पत्नी को बुलाकर काउंसिलिंग करते हैं। इसमें दोनों पक्षों को सुना जाता है और रजिस्टर में उनकी बातें लिखी जाती हैं। इसके बाद विवाद का मुख्य कारण जानकर प्रकरण का निस्तारण किया जाता है। जिन मामलों में बात नहीं बनती हैं तो तीन काउंसलिंग के बाद मुकदमा दर्ज किया जाता है।

### वर्षवार ये हैं आंकड़े-

- 2022 में 1300 मामले सामने आए जिसमें 650, काउंसलिंग कर घर भिजवाए
- 2023 में 1142 मामले आए जिसमें 454 परिवार ने काउंसलिंग के बाद राजीनामा हुआ।
- 2024 में 798 मामले सामने आए जिसमें आपसी समझौते 318

( आंकड़े अक्टूबर 2024 तक )



*दिन में पांच से दस प्रार्थना-पत्र आते हैं। किसी में पति तो किसी में पत्नी अलग रहने की बात कहती है। विवाद का कोई बड़ा कारण नहीं होता है। हम प्रयास करते हैं कि परिवार को टूटने से बचाएं।*
***-महिला सेल प्रभारी, सुनीता कुंवर कोतवाली हल्द्वानी।***

News कॉर्नर

### चेतावनी: रोडवेज स्टेशन पर टैक्सी वाहनों के आगमन पर होगी कार्यवाही

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थिति रोडवेज स्टेशन में टैक्सी वाहनों के आगमन होने पर कार्यवाही होगी। स्टेशन के कर्मियों ने टैक्सी चालकों को इसके लिए चेतावनी दी है। बता दें रोडवेज स्टेशन में टैक्सी चालक वाहन पार्क कर रहे हैँ। ऐसे में यहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। तल्लीताल रोडवेज के बुकिंग क्लर्क ने कहा कि टैक्सी वाहन पार्क होने से यहां यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में बुधवार को यहां से टैक्सियां हटाई गई। इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि स्टेशन परिसर के भीतर वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में तल्लीताल थाने को भी पत्र दिया गया है।

# पुनर्नवा महिला समिति ने करवाया 16 जोड़ों का सामुहिक का विवाह



**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

हर वर्ष की भाँति पुनर्नवा महिला समिति ने उत्थान मंच हीरानगर गोलू मंदिर में 16 निर्धन कन्याओं का विवाह करवाया। समिति ने निर्धन कन्याओं को वस्त्र और घर गृहस्थी का संपूर्ण सामान भी दान किया ।

पंडित प्रकाश भट्ट और उनके सहयोगी पंडित के द्वारा संपूर्ण हिंदू रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया। इस विवाह को संपन्न कराने में सचिन जायसवाल, साकेत अग्रवाल ,मेयर जोगिंदर पाल सिंह, अरविंद पाण्डेय, गोपाल पाल , नानू महरा,स्दुष्ट, विजय राणा ,अरुणा टंडन ,उषा कुमार, स्वर्णनलाल वस्त्रालय ,आर के पोशाक, जनरल बोरा, रमेश शर्मा, आरपी सिंह, सिमरन रैहिल, श्री कौस्तुभ जोशी इनर व्हील क्लब ,जेके चौधरी, विमला बरसालिया ,विजय सिसोदिया राजेंद्र अग्रवाल योगेश जोशी आदि ने विशेष सहायता प्रदान की। विवाह में लक्ष्मण सिंह रजवार, मनोज नेगी, नीलम शर्मा, करनल चौहान, कुसुम डिगारी, चिरंजीव बोरा, मनोज जोशी ममता जोशी, मनदीप कन्याल, मदन बिष्ट उपस्थित हुए। विवाह में समिति के अध्यक्ष लता बोरा सभी अतिथियों व उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के शांति जीना, जानकी पोखरिया, यशोदा रावत, मंजू बनकोटी, कल्पना रावत, रेखा रावत, जया बिष्ट, निर्मला बहुगुणा, अंजना बोरा, प्रेमा बृजवासी,कमला रौतेला , कुसुम बोरा आदि उपस्थित रहे।

# यूथ कांग्रेस ने बैठक में किया समस्याओं पर विचार विमर्श

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

यूथ कांग्रेस की ओर से बुधवार को नैनीताल क्लब में बैठक का आयोजन किया गया । इस दौरान विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। वक्ताओं ने संगठन में सुधार के लिए सुझाव भी दिए।

इस दौरान यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अमन महेंद्र की ओर से विधानसभा क्षेत्र की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें हर्षित मिश्रा, निखिल कुमार, कमलेश कुमार तथा अमन सागर सचिव, दिव्यांशु आर्या, भगवत सिंह नेगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पीयूष, हिमांशु कुमार, हुमाम अहमद, रोहन साही, मनोज नेगी, ताहिर हुसैन महामंत्री, मयूर जोशी, अतुल कुमार को संयुक्त सचिव बनाए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती को लेकर जल्द बैठक आयोजित की जाएगी।



# एडीबी की साउथ ईस्ट एशिया की टीम ने रूसी क्षेत्र के बन रहे सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

एडीबी की साउथ ईस्ट एशिया की टीम ने रूसी के बन रहे सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का भी जायजा लिया। जिसके बाद पटवाडांगर में प्रस्तावित जमीन और एडीबी की ओर से नैनीताल शहर में किए गए कार्यों की भी जांच की।

एडीबी की साउथ ईस्ट एशिया टीम की फिलिपिंस निवासी पर्यावरण विशेषज्ञ नोईम व पश्चिम बंगाल सामाजिक विशेषज्ञ शोमी घोष ने नैनीताल क्षेत्र में एडीबी की ओर से किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। टीम ने सबसे पहले रूसी में बन रहे सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। एडीबी की स्थानीय टीम की ओर से साउथ ईस्ट एशिया टीम को वहां किए गए कार्य की जानकारी दी। इस दौरान टीम ने क्षेत्र में बने सीवर टैंकए भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। जिसके बाद टीम में एसटीपी के लिए प्रस्तावित पटवाडांगर की जमीन का निरीक्षण किया। जिसके बाद टीम ने एडीबी की ओर से मॉलरोड में सीवर लाईन में मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया। वहीं ठंडी सडक़ में बिछाई गई सीवर लाईन का भी निरीक्षण किया। जिसके बाद टीम ने हो रहे कार्यों के दस्तावेज भी जांचे।

यूनिट के परियोजना प्रबंधक नीरज उपाध्याय ने बताया कि एडीबी की ओर से किया जाने वाला रूटीन विजिट था। जिसमें एडीबी की साउथ ईस्ट एशिया टीम कार्य की गुणवत्ता व कार्य की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान टाटा कंसल्टिंग इंजिनियर नासिर खान तथा सहायक अभियंता अनिल परिहार व दिनेश आर्य मौजूद थे।



### परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि 17 हुई

**नैनीताल** । कुमाऊं विवि के कुल सचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया कि पूर्व में छात्र हित में जो परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि 10 नवम्बर निर्धारित की गयी थी उसे अब बढ़ाकर 17 नवम्बर तक कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जिन परीक्षार्थियों ने अपने परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरे हैं वह हर हाल में 17 नवम्बर तक परीक्षा आवेदन पत्र व आन लाईन शुल्क जमा कर दें।

# विपक्षी बीमा कम्पनी को दोषी पाया, अर्थदंड दिया

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

जिला उपभोक्ता आयोग नैनीताल के अध्यक्ष राजेश कुमार जायसवाल तथा सदस्य विजय लक्ष्मी थापा व लक्ष्मण सिंह रावत द्वारा हल्द्वानी निवासी हर्षित रौतेला पुत्रा सुरेन्द्र सिंह रौतेला निवासी-कृष्ण विहार, निकट ब्लॉक आफि स, लोहारियासाल मल्ला हल्द्वानी जिला नैनीताल बनाम विपक्षी स्टार हैल्थ एण्ड एलाईड इन्श्यौरेन्स कम्पनी के एक मामले में विपक्षी बीमा कंपनी द्वारा परिवादी के क्लेम को अनुचित आधार लेकर निरस्त किये जाने के कारण विपक्षी बीमा कम्पनी को सेवा में कमी एवं अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी पाया। इस दौरान बीमा कम्पनी को आदेशित किया गया कि वे संयुक्त या प्रथकत: इस आदेश के डेढ माह (45 दिनों) के भीतर परिवादी को बीमा क्लेम की शेष रू0 4,49,211/-(चार लाख उन्चास हजार दो सौ ग्यारह रू0) तथा इस धनराशि पर परिवादी के बीमा क्लेम को अस्वीकार किये जाने की तिथि 15 सितंबर 2022 से परिवादी को वास्तविक रूप में सम्पूर्ण भुगतान अदा किये जाने की तिथि तक का 8 (आठ) प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज सहित जोडक़र अदा करें। इसके अतिरिक्त विपक्षीगण/बीमा कम्पनी परिवादी को हुई मानसिक वेदना की क्षतिपूर्ति के लिए रू0 20,000/-(बीस हजार रू0) तथा वाद व्यय के रूप में रू0 10,000/-(दस हजार रू0) का भुगतान परिवादी को अलग से अदा करेंगे। इसके अतिरिक्त विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा इस प्रकरण में अनुचित व्यापारिक व्यवहार का अनुसरण किया गया है जिसके लिए विपक्षी बीमा कम्पनी के उपर रू0 25,000/-(पच्चीस हजार रू0)का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाता है। जिसे विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा उपरोक्त समयावधि के भीतर जिला उपभोक्ता आयोग, नैनीताल के कार्यालय कोष में जमा करवाया जायेगा।

# ओखलकांडा में अग्नि सुरक्षा गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

ओखलकांडा रेंज के वन पंचायत पुटगांव में वन विभाग के अन्तर्गत संचालित जायका परियोजना में गठित तीनो समूहों सामाजिक, गौमाता व दग्यडद्यो ऐडी देवता समूहों के सभी सदस्यों के साथ अग्नि सुरक्षा गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया

इस मौके पर वन सचिव चन्द्र शेखर जोशी ने सभी सदस्यों को वनों की आग से सुरक्षा करने तथा असामाजिक तत्वों द्वारा वनों में आग लगाने वालो की सूचना विभाग को देने बिषय पर बताया गया। उन्होंने वनो से होने वाले लाभ से सम्बन्धित बिषय पर जानकारी दी तथा जन






जागरूकता लाने के तहत वनों को आग से बचाने तथा कृषि मे जैविक खाद का उपयोग करने तथा प्लास्टिक का उपयोग बंद करने पर विस्तार से जानकारी दी गयी।

बैठक में अनिल कुमार द्वारा आगामी फ ायर सीजन में सभी वन अधिकार धारियों से विभाग को सहयोग करने के लिए आग्रह किया गया। कार्यक्रम में सरपंच मुन्नी सुयाल एवं गांव में जायका में बने समूह की महिलाएं आदि ने तहे दिल से प्रोग्राम में सहभागिता की। इस अवसर पर नवल किशोर कोठारी, अनिल कुमार व ग्राम के भावना कुलोरा, करिष्मा, सरपंच मुन्नी देवी तथा पूर्व सरपंच कमल कुलोरा व प्रकाश चन्द्र ने विचार व्यक्त किये।